हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 6 मई 2025

11 मनोहर लाल के जन्मदिन पर 400 यूनिट एकत्रित...



12 टेंट हाउस गोदाम में आग से लाखों का सामान जला...



## डीआईसी के इंस्पेक्टर राकेश कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप लोन पास की एवज में बेरोजगार से ही मांग ली रिश्वत

*पीड़ित गांव भांखरी निवासी सन्नी यादव को रोजगार के लिए थी लोन की जरूरत, तब लिए गए थे 60 हजार रुपये*

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को दी शिकायत में पीड़ित सन्नी यादव ने बताया कि वह भांखरी गांव का रहने वाला है तथा रोजगार की तलाश में है। इसी दौरान उसे ज्ञात हुआ कि पीएनईजीपी के तहत स्व रोजगार के लिए लोन दिया जा रहा है, जिसमें 35 प्रतिशत सब्सिडी है और ऑनलाइन फार्म जमा होता है।

हरिभूमि न्यूज नारनौल

डीआईसी में कार्यरत इंसपेक्टर राकेश कुमार यादव पर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज है, जिसकी जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, गुरुग्राम मंडल गुरुग्राम द्वारा की जा रही है। यह मुकदमा गांव भांखरी निवासी सन्नी यादव की शिकायत पर दर्ज हुआ है। दूसरी तरफ पीड़ित ने जल्द कार्रवाई की मांग की है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को दी शिकायत में पीड़ित सन्नी यादव ने बताया कि वह भांखरी गांव का रहने वाला है तथा रोजगार की तलाश है। इसी दौरान उसे ज्ञात हुआ कि पीएनईजीपी के तहत स्व रोजगार के लिए लोन दिया जा रहा है, जिसमें 35 प्रतिशत सब्सिडी है और ऑनलाइन फार्म जमा होता है। प्रार्थी ने 17 अक्टूबर 2023 को ऑनलाइन फार्म पीएनईजीपी पोर्टल पर एप्लीकेशन आईडी नंबर डीआईएचवाई:236214-11998248 के तहत फार्म जमा करवा दिया और प्रार्थी को मोबाइल पर मैसेज प्राप्त हो गया। फार्म जमा करवाने के बाद वह निजामपुर रोड स्थित संबंधित कार्यालय डीआईसी पहुंचा, जहां उसे इंस्पेक्टर राकेश मिला, जिन्होंने उसकी ऑनलाइन एप्लीकेशन फार्म चेक करके उसे शीघ्र अति शीघ्र दस लाख रुपये का लोन पास करने बाबत बताया और कहा कि 60 हजार रुपये फीस लगेगी, जो राकेश ने नगद अदा करनी बताई। प्रार्थी चूंकि ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं है और रोजगार के लिए लोन की आवश्यकता थी, इस कारण उसने राकेश कुमार की बातों पर भरोसा कर लिया तथा 60 हजार रुपये का इंतजाम किया, जिसमें 200 रुपये एक 100 नोट की गड्डी व 40,000 रुपये 500 रुपये के 80 नोट उक्त राकेश यादव को उसके कार्यालय डीआईसी में नगद अदा कर दिए, जिसकी मोबाइल में रिकार्डिंग कर ली, जिसे पेन ड्राइव में लोड कर लिया। पीड़ित ने बताया कि यह पैसा देने के बाद भी वह टालमटोल करने लगा और लोन भी नहीं दिलाया। बाद में उसे पता चला कि राकेश यादव ने उसके साथ धोखाधड़ी करके 60 हजार रुपये नाजायज वसूल किए हैं। उन्होंने बताया कि धोखाधड़ी करने बारे जब उसने राकेश यादव से बात की तो उसने उसे 14 हजार रुपये पेटीएम के जरिए ऑनलाइन अदा भी कर दिए, लेकिन बाकी रुपये नहीं दिए।

### फरीदाबाद का भी है अतिरिक्त चार्ज

पीड़ित ने आरोप लगाते हुए बताया कि राकेश यादव के पास जिला महेंद्रगढ़ व फरीदाबाद का अतिरिक्त चार्ज है और लोगों को डीआईसी में लोन पास करवाने के नाम करोड़ों रुपये की ठगी कर रहा है और मजबूर लोग उसके झांसे में आ जाते हैं। राकेश यादव ने नारनौल के सिंघाना रोड पर गाड़ियों का बहुत बड़ा वर्कशॉप खोल रखा है। उस वर्कशॉप के लिए भी अपने परिजनों के नाम से मोटा लोन पास करवाया है और सरकार से काफी सब्सिडी दिलवा दी है तथा चार-पांच लग्जरी गाड़ी भी रखता है। उसने चल व अचल संपत्ति स्वयं के नाम व अपनी पत्नी, बच्चों व भाई-भतीजों के नाम करवाई हुई है। उसका यदि कस्टोडियल इंटरोगेशन लिया जाए तो यह बहुत सारी बेनाम संपत्ति का खुलासा भी कर सकता है। इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए और उसका दिया हुआ 60 हजार रुपये का बकाया उसे वापस बरामद करवाया जाए। इस शिकायत के आधार पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गुरुग्राम ने राकेश कुमार के विरुद्ध प्रीवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट 1988 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर रखी है।

### यह कहते हैं आरोपित

मामले में आरोपित डीआईसी के इंस्पेक्टर राकेश कुमार यादव ने बताया कि यह मामला एकदम झूठा है तथा काफी पुरानी मामला है। उन्होंने कोई करप्शन नहीं किया है। उसके विजिलेंस में बयान भी दर्ज हो चुके हैं। सन्नी उसका रिश्तेदार है तथा रिश्तेदारों में आपसी लेन-देन चलता रहता है। जो ऑनलाइन पेटीएम से पेमेंट की है, वह भी पैसों के लेन-देन में हुई है।

### यह बोला पीड़ित

*पीड़ित भांखरी निवासी सन्नी ने अपने साथ बीती पूरी घटना बताते हुए हरिभूमि को बताया कि जबसे उसने शिकायत दी है, तभी से उस पर अनैतिक एवं नाजायज दबाव बनाया जा रहा है। शिकायत एकदम सही है। यह शिकायत उसने पुलिस को भी दी थी, लेकिन कार्रवाई नहीं की। जिस कारण उसे विजिलेंस गुरुग्राम जाना पड़ा। उन्होंने बताया कि अब उसके फोन पर तो कभी घर पर संपर्क किया जा रहा है, लेकिन उसके साथ गलत हुआ है। जैसे उससे नाजायज तौर पर पैसे लिए गए हैं, उस प्रकार न जाने कितने लोगों से पैसे ऐंठे होंगे। ऐसे अधिकारी पर कार्रवाई जरूर एवं जल्दी होनी चाहिए।*

## खबर संक्षेप



नारनौल। महाराणा प्रताप जयंती के लिए निमंत्रण देते समिति सदस्य।

### महाराणा प्रताप जयंती का दिया निमंत्रण

**नारनौल।** महाराणा प्रताप जयंती समिति के संयोजक भागसिंह चेयरमैन, डा. रविन्द्र शर्मा व बजरंग सिंह चौहान सरपंच ने गांव गोमली, गोमला, खैराणी, महासर, गढ़ी रूथल, खारीवाड़ा, खोड़, कांटी, खेड़ी, नीरपुर में जनसम्पर्क कर आगामी नौ मई को भोजावास गांव में मनाई जा रही वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती के लिए निमंत्रण दिया। समिति सदस्यों ने निमंत्रण देते हुए कहा कि इस प्रदेश स्तरीय समारोह के लिए सर्वसमाज को आमंत्रित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट होंगे तथा जितेन्द्र पाल चौहान भिवानी, सुरेन्द्र सिंह परमार चरखी दादरी, अरुण सिंह एडवोकेट गुरुग्राम, विक्रम सिंह तंवर एडवोकेट कुरूक्षेत्र, डा. निर्मला तंवर, श्रीपाल सिंह चौहान आदि नेता विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाग लेंगे।

### गांव सेहलंग में पंजीकरण कैंप आज

**नारनौल।** रेडक्रॉस समिति की ओर से प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र के तहत एलिम्कों के सहयोग से छह मई को गांव सेहलंग में वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण पंजीकरण कैंप का आयोजन किया जाएगा। रेडक्रॉस से डा. एसपी सिंह ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांगजनों को वॉकर, व्हीलचेयर, कान की मशीन, कमर व गर्दन की बेल्ट तथा अन्य सहायक उपकरण के लिए छह मई को गांव सेहलंग में सुबह 10 बजे पंजीकरण कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंजीकरण कराने के लिए आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र की छाया प्रति व दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर आएं। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में आकर सहायक उपकरण के लिए अपना पंजीकरण करवाएं।

### रेनबो हॉस्पिटल के पास सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को अर्जुन लाल शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश निर्मल के निवास स्थान सिंघाना रोड पर रेनबो हॉस्पिटल के पास सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। मंडल के सदस्य तरुण सोनी ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे।

### चोरी की बाइक सहित आरोपित को पकड़ा

**कनीना।** वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रामबीर वासी ताजपुर के रूप में हुई है। आरोपित ने दौंगड़ा अहीर बस अड्डा से बाइक चुराने की वारदात को अंजाम दिया था। जिसे पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान बाइक के साथ पकड़ा और चोरी की बाइक को जब्त कर लिया।

### पानी को लेकर इनेलो का प्रदर्शन आज

**नारनौल।** इंडियन नेशनल लोकदल की ओर से छह मई को पंजाब सरकार द्वारा भाखड़ा बांध से हरियाणा का पानी रोके जाने के खिलाफ प्रदर्शन कर राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन उपायुक्त को दिया जाएगा। जिला प्रवक्ता नवनीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि प्रदर्शन मंगलवार सुबह 11 बजे सरदार पटेल पार्क नजदीक लघु सचिवालय से शुरू होकर उपायुक्त कार्यालय तक किया जाएगा। जिसका नेतृत्व इनेलो जिला प्रधान सुरेंद्र कौशिक करेंगे।

## रात के अंधेरे में तोड़ा च्यवन ऋषि का लाइटिंग डिजिटल बोर्ड

# मेडिकल कॉलेज का नाम महर्षि च्यवन ऋषि रखने पर ग्रामीणों ने धरना देकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज नारनौल







नारनौल। प्रवेश द्वार पर तोड़ा गया मेडिकल कॉलेज का बोर्ड व मेडिकल कॉलेज के गेट पर धरना देते कोरियावास के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

कोरियावास मेडिकल कॉलेज का नामकरण को लेकर गहराया विवाद थमने की बजाए गहराता ही जा रहा है। ग्रामीणों के विरोध के मद्देनजर आमने-सामने के टकराव से बचते हुए रात के अंधेरे में मेडिकल कॉलेज स्टॉफ ने बेशक से महर्षि च्यवन ऋषि नाम का डिजिटल लाइटिंग बोर्ड प्रवेश द्वार पर लगा दिया, लेकिन जैसे ही इसका ग्रामीणों को पता चला, उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर नाम के बोर्ड से तोड़फोड करते हुए उसको उखाड़ दिया।

इस पर कार्रवाई करते हुए मेडिकल कॉलेज की ओर से पुलिस से नामकरण बोर्ड से तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने एवं हुए नुकसान की भरपाई करवाने की मांग की है। दूसरी ओर कोरियावास की पंचायत एवं ग्रामीणों ने मेडिकल कॉलेज गेट पर धरना-प्रदर्शन रूक कर दिया है और सरकार व प्रशासन को चेतावनी दी है कि अभी तक मेडिकल कॉलेज की जमीन की डीड कॉलेज के नाम नहीं चढ़ी है। यदि इस कॉलेज का नामकरण शहीद राव तुलाराम के नाम से नहीं किया गया तो वह यह डीड कैंसिल कर देंगे और इसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी। बता दें कोरियावास में बने मेडिकल कॉलेज का नामकरण इन दिनों विवादों में घिरा हुआ है। यह मेडिकल कॉलेज कोरियावास की करीब 80 एकड़ पंचायती भूमि पर बना हुआ है, जो पंचायत ने एक रुपये में एक एकड़ के तौर पर दान दी है। राज्य सरकार ने इस मेडिकल कॉलेज का नाम राजकीय महर्षि च्यवन ऋषि मेडिकल कॉलेज मंजूर किया है, जिस ग्रामीण स्वीकार नहीं कर रहे। उनकी मांग शहीद राजा राव तुलाराम करवाने की है। सरकार द्वारा जो नाम फाइनल किया जा चुका है, उसी के अनुरूप मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इसके प्रवेश द्वारा बीती रात को धातु के अक्षरों से बने नाम रूपी शब्दों को लगा दिया, लेकिन जैसे ही ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली, वह तत्काल मौके पर पहुंचे तथा इस धातु के नाम को तोड़फोड़ कर उखाड़ दिया। नामकरण के विरोध में सोमवार प्रातः ग्रामीणों ने समाजसेवी नौनिहाल यादव के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। आंदोलनकारियों को संबोधित करते हुए नौनिहाल यादव ने कहा कि चाहे ग्रामीणों को अपने जीवन की शहादत देनी पड़े, वह तैयार हैं और मेडिकल कॉलेज का नामकरण शहीद राजा राव तुलाराम के नाम से रखे जाने के लिए ग्रामीण अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जब जमीन हमने मुफ्त में दान दी है तो बात भी हमारी ही मानी जानी चाहिए। सरकार ने नामकरण करने में ग्रामीणों की इच्छाओं को कोई सम्मान नहीं दिया। अन्यथा ग्रामीणों की राय से नामकरण तय किया जाता। उन्होंने कहा कि राव तुलाराम के नाम से केवल कोरियावास के ग्रामीण ही नहीं, अपितु समूचे इलाके की जनता सहमत है और उनके नाम से ही यह अस्पताल एवं कॉलेज खोला जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जब बीडी शर्मा के नाम से रोहतक, चौधरी बंसीलाल के नाम से भिवानी, चौधरी देवीलाल के नाम से सिरसा में उच्च शिक्षण संस्थानों के नाम हो सकते हैं तो कोरियावास मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद राजा राव तुलाराम के नाम से क्यों नहीं होना चाहिए। आसपास के नौ जिलों में उनका प्रभाव रहा है, लेकिन उनके नाम से कोई उच्च शिक्षण संस्थान नहीं है।

### यह दी चेतावनी

*ग्रामीणों ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के जरिए पंचायत ने सरकार को मुफ्त में करीब 80 एकड़ जमीन दान में दी है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग बनाते वक्त गांव के खेतों के लिए पहले से बने चकबंदी के 11 फुट के रास्ते को कॉलेज में मिला लिया गया, जबकि पंचायत रूल के अनुसार चकबंदी की जमीन को कब्जाया नहीं जा सकता और न ही किसी में मिलाया जा सकता। उन्होंने बताया कि इसकी पैमाइश तहसीलदार, डीआरओ एवं सीटीएम आदि प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में हो चुकी है। प्रशासन ग्रामीणों को अलग से रास्ता देने को तैयार है और इसी कारण कॉलेज की डीड अब तक नहीं हो सकी। यदि प्रशासन एवं सरकार अपनी मनमानी चलाएंगे तो ग्रामीण एकजुट होकर संघर्ष करेंगे और इस डीड को भी नहीं होने देंगे।*

### यह रहे धरने पर मौजूद

*समाजसेवी नौनिहाल यादव के अलावा धरने पर रामचंद्र, सूरत सिंह, सुबेसिंह, राजपाल, बाबूलाल, होशियार सिंह, रामौतार, गोलूराम, राकेश, रणबीर, राजेश, भूपेंद्र, देवेंद्र, अनिल, मुरलीधर, राजबीर, सरबती, राजबाला, कविता, भतेरी, मोनिका, प्रियंका, सुमित्रा, शीला और कृष्णा समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।*



कनीना। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## सरकार शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की बजाय कमजोर करने में लगी

- शिक्षा विभाग के कर्मचारियों ने बैठक कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज कनीना

हरियाणा शिक्षा विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी खंड के पदाधिकारियों की बैठक खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में हुई। जिसमें चतुर्थ श्रेणी, लिपिक व अध्यापक संघ के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता हेमसा खंड कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने की। मंच संचालन हेमसा खंड के प्रेस सचिव पंकज यादव ने की। बैठक में हरियाणा शिक्षा विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य व हेमसा के प्रदेश प्रेस प्रवक्ता सुजान मालड़ा मुख्य वक्ता के रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सुजान मालड़ा ने कहा कि वर्तमान समय में सरकार प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की बजाय उसको कमजोर करने वाली अनेक स्कीमें लागू कर रही है। अध्यापक का कार्य विद्यार्थियों को पढ़ाने का होता है, लेकिन उन्हें सुबह से शाम तक गैर शैक्षणिक कार्यों में उलझाए रखा जाता है। वहीं दूसरी तरफ सरकार ने चिराग योजना के तहत विद्यार्थियों को निजी स्कूलों में दाखिला लेने पर उसकी फीस स्वयं भरने की योजना चलाई हुई है।

जिसके चलते चतुर्थ श्रेणी से लेकर प्राध्यापकों तक के कर्मचारियों के रोजगार पर संकट के बादल मंडरा रहे है। इसलिए सरकारी महकमों व रोजगार को बचाने के लिए एक मंच पर आकर आंदोलन करने की जरूरत है। इसलिए 12 मई को शिक्षा सदन पंचकूला पर होने वाले मास डेपुटेशन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिक्षा व रोजगार बचाने में अपना सहयोग दें। बैठक में हसला खंड प्रधान सुबेसिंह चौहान, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड उपप्रधान गुलशन कुमार, अतिथि अध्यापक संघ खंड प्रधान मनोज कुमार, ईश्वर सिंह, कविता, सुनील कुमार, रामपालए मानव व राजेश आदि मौजूद रहे।

## छाजियावास ब्लास्टः पीड़ित का शक...किसी ने मकान को बारूद व अन्य किसी ज्वलनशील पदार्थ से किया ब्लास्ट

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

गांव छाजियावास में रविवार अज्ञात के कारणों से हुए ब्लास्ट मामले में मकान मालिक की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज किया है गांव छाजियावास निवासी बहादुर सिंह ने पुलिस को बताया कि वह सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त है तथा 2022 से दिल्ली के पालम में रह रहा है। वर्तमान में गांव में बने घर में परिवार का कोई सदस्य नहीं रहता। रविवार सुबह फोन से सूचना मिली कि उसके मकान में कोई धमाका हुआ है और मकान का कुछ हिस्सा ध्वस्त हो गया। सूचना पर मौके पर देखा तो एक कमरे की छत उखड़ चुकी थी और मकान की दीवार में भी काफी दरार आई हुई थी। इसके अलावा कुछ दरवाजा तथा खिड़की पूरी तरह से टूट चुकी थी तथा कुछ सामान में भी आग लग गई थी। हादसे में उसके परिवार का उसका चचेरा पोता सोमबीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सोमबीर का दिल्ली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मकान मालिक का कहना है कि उसको शक है कि किसी ने उसके मकान में किसी बारूद व अन्य किसी ज्वलनशील पदार्थ से ब्लास्ट करके नुकसान पहुंचाया है। बहादुर सिंह ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात पर कार्रवाई की मांग की है।

### यह बोले थाना प्रभारी

सदर थाना प्रभारी मुकेश शर्मा ने बताया कि घायल सोमवीर बयान देने की हालत में नहीं हैं। वहीं बता सकता है कि हादसा कैसे हुआ है। सोमवार को भी टीम गांव में जाकर जांच कर रही है। सोमवीर के होश में आने के बाद आगे उसके बयान लेने पर कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी। फिलहाल मामला दर्ज कर जांच जारी है।

## नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में लोक अदालत 10 को

- अधिक से अधिक लोग केस लगवाकर निपटारा करवाएं : जतिन गुजराल

हरिभूमि न्यूज नारनौल

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सूरा के मार्गदर्शन में आगामी 10 मई को नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी जतिन गुजराल ने बताया कि 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें अधिक से अधिक लोग केस लगवाकर अपना केस का निपटारा करवाएं। उन्होंने बताया कि यदि आपका कोई विवाद कोर्ट में लंबित है या फिर कोई विवाद अभी कोर्ट में पहुंचा ही नहीं है और उसे आप आपसी समझौते से निपटना चाहते हैं तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं, ताकि 10 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत में आपके आपसी समझौते से केस का निपटारा किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत में लोग अपना केस लगवाकर केसों का निपटारा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01282250322 पर आमजन लोक अदालत व अन्य कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा नालसा के हेल्पलाइन नंबर 15100 पर भी कॉल कर कानूनी जानकारी ले सकते हैं।

## प्रशासनिक लापरवाही या मौत का इंतज़ार, खुले गटर ने फिर दिखाया आइना

# घंटों तड़पा गोवंश, विभाग झाड़ते रहे पल्ला, फायर ब्रिगेड निकालने में असफल रही

### गटर में पड़ी गाय



हरिभूमि न्यूज नारनौल

प्रशासनिक उदासीनता और शहरवासियों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही का एक और उदाहरण रविवार को सामने आया है। नांगल चौधरी रोड पर नई अनाज मंडी के पास एक खुला गटर में गाय गिर गई।

सूचना पर पहुंचे गोरक्षा दल के युवकों ने जब मदद के लिए जिम्मेदार सरकारी विभाग नगर परिषद् व गोशालाओं के दरवाजे खटखटाए तो उन्हें 'सुविधाओं के अभाव' का रटा-रटाया बहाना और टका सा जवाब मिला। घंटों की जद्दोजहद और सरकारी तंत्र की नाकामी के बाद अंततः जेसीबी की मदद से गोवंश की जान बचाई जा सकी। हुआ यूं कि रविवार सुबह करीब 10 बजे गोरक्षा दल नारनौल को खबर मिली कि नई अनाज मंडी गेट के पास एक गाय खुले गटर में गिरकर बुरी तरह फंसी हुई है। दल के हिमांशु यादव ढाणी बाठोठा तुरंत अपनी टीम और स्थानीय लोगों के साथ बचाव में जुट गए। लेकिन गाय को गंभीर चोटें आई थी और गटर गहरा होने के कारण उसे निकालना संभव नहीं हो पा रहा था। इसके बाद शुरू हुआ सरकारी विभागों का असंवेदनशील रवैया।

हिमांशु यादव ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद् और गोशालाओं को फोन कर मदद मांगी, लेकिन दोनों ही जगहों से सुविधाओं की कमी का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया गया। सवाल उठता है कि आखिर इन विभागों की जिम्मेदारी क्या है, अगर वे ऐसी आपात स्थिति में भी हाथ खड़े कर दें? इस पूरी घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए गौसेवक हिमांशु यादव ने सोए हुए प्रशासन को जगाने की कोशिश की है।

उन्होंने जिला प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि शहर में जगह-जगह मौत बनकर खुले पड़े इन गटरों को तत्काल ढका जाए, ताकि किसी और बेजुबान या इंसान को ऐसी दर्दनाक स्थिति का सामना न करना पड़े। उन्होंने नगर परिषद् को भी उसकी जिम्मेदारियां याद दिलाते हुए कहा कि कम से कम आपातकालीन बचाव के लिए जरूरी सुविधाएं तो उपलब्ध कराएं।

### जेसीबी की मदद से निकाला गया

*जब कहीं से मदद नहीं मिली तो थक-हारकर आपातकालीन हेल्पलाइन 112 को फोन किया गया। 112 की टीम मौके पर तो पहुंची, लेकिन उनके पास भी पर्याप्त साधन नहीं थे। फायर ब्रिगेड को बुलाया गया, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात! फायर ब्रिगेड के जवान भी गोवंश को निकालने में असफल रहे। अंततः जब सारे सरकारी प्रयास और बहानेबाजी विफल हो गई, तब एक जेसीबी मशीन का प्रबंध किया गया। घंटों की मशक्कत और सावधानी भरे ऑपरेशन के बाद जेसीबी की मदद से घायल और तड़पते गोवंश को सुरक्षित बाहर निकाला जा सका।*

## खबर संक्षेप



### बिहाली में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**मंडी अटेली।** बाबा सेवादास वॉलीबॉल क्लब द्वारा बिहाली में वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व चेयरमैन अटेली बेगपुर राकेश कुमार, जबकि विशिष्ट अतिथि अटेली के वार्ड नंबर आठ से पार्षद अंशुल व डा. सतपाल खैरवाल रहे। इस प्रतियोगिता में कुल 25 टीमों ने भाग लिया। इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम पथरेड़ी को 15 हजार, द्वितीय विजेता टीम ककराला को 8100 और तृतीय विजेता टीम भालोठ को 2100 रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि अटेली बेगपुर से पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार ने बताया कि खेलकूद का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है।

### लोकायुक्त ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**नारनौल।** हरियाणा लोकायुक्त जस्टिस हरिपाल वर्मा ने सोमवार को जिला जेल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक संजय बांगड़ ने उनका स्वागत किया। सबसे पहले जस्टिस हरिपाल वर्मा ने जेल में महिला वार्ड का निरीक्षण किया तथा महिलाओं से बातचीत की। इसके बाद उन्होंने जेल अस्पताल तथा खादी फैक्टरी का निरीक्षण किया। यहां की व्यवस्था देखकर उन्होंने जेल प्रशासन की सराहना की। इसके अलावा उन्होंने लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल लंगर में बंदियों को दिए जाने वाले भोजन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जेल में बंद बंदियों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। इस मौके पर डा. अनिल यादव, खादी ग्राम उद्योग से बलवंत शर्मा भी मौजूद रहे।



### न्यायिक परिसर में जांच शिविर आज

**नारनौल।** जिला बार एसोसिएशन की ओर से छह मई को न्यायिक परिसर में स्थित नया लिटिगेंट हॉल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। इसमें अधिवक्ताओं, न्यायिक अधिकारियों, स्टाफ, अधिवक्ता स्टाफ, वादकारियों एवं आम जनता भी स्वास्थ्य जांच करवा सकते है। इस संबंध में एसोसिएशन प्रधान संतोख सिंह एडवोकेट ने बताया कि शिविर का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय नरेंद्र सूरा करेंगे। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी, जो विभिन्न स्वास्थ्य जांच सेवाएं जैसेकि ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, हड्डी रोग, नेत्र परीक्षण आदि की सुविधाएं प्रदान करेगी।

### वरिष्ठ नागरिक की बैठक 11 मई को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के संयुक्त सचिव शिवहरि अग्रवाल ने बताया कि उनके संगठन की मासिक बैठक किला रोड स्थित साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में 11 मई को सुबह 10:30 बजे संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के अतिरिक्त शहर के ज्वलंत मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन को लेकर जिलेभर में कई कार्यक्रम आयोजित

# मनोहर लाल के जन्मदिन पर 400 यूनिट एकत्रित, लोगों को बिना रक्तदान जाना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सोमवार को नांगल चौधरी के पूर्व विधायक एवं पूर्व सिंचाई मंत्री डॉक्टर अभय सिंह यादव द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में उमड़ी युवाओं की भीड़ आयोजकों की अपेक्षा से भी अधिक थी। इस रक्तदान शिविर के लिए प्रारंभ में 150-200 यूनिट के रक्तदान के अनुमान के अनुसार प्रबंध किया गए थे। इसके लिए स्वयं डाक्टर अभय सिंह यादव ने वॉट्सएप पर अपील के माध्यम से लोगों को आने का निमंत्रण दिया था। प्रातः नौ बजे के निर्धारित समय से पहले ही युवाओं ने पहुंचना प्रारम्भ कर दिया था तथा निर्धारित समय से पहले ही शिविर का प्रारंभ भी हो गया था। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 15 बिस्तरों का प्रबंध किया था परंतु जब युवाओं की भारी भीड़ इकट्ठी हो गई तो एक बिस्तर पर दो-दो युवा रक्तदाताओं को लेटना पड़ा। दोपहर 12 बजे से पहले 250 का आंकड़ा पार हो गया तो आनन फ़ानन में नारनौल से अतिरिक्त व्यवस्था की गई। परंतु डेढ़ बजे तक जब 400 यूनिट रक्तदान पूरा हो गया तो विभाग ने इससे अधिक रक्तदान ग्रहण करने में असमर्थता जताई। अतः कई युवाओं को बिना रक्तदान के लौटाना पड़ा। इसके साथ ही रास्ते में आ रहे लोगों को भी वॉट्सएप पर संदेश भेजकर आने से मना करना पड़ा। स्वयं डॉक्टर अभय सिंह ने यह स्वीकार किया कि आज के रक्तदान शिविर में युवाओं का जोश अद्भुत रहा। डॉक्टर अभय सिंह ने शिविर की अभूतपूर्व सफलता के बारे में कहा कि लोगों का उनके प्रति लगाव के अतिरिक्त इस क्षेत्र के लोग हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जी के प्रति आस्था और विश्वास रखते हैं। उन्होंने इस क्षेत्र के लोगों के लिए बिना खर्ची पर्ची के नौकरी के अतिरिक्त इस पिछड़े क्षेत्र में कई परियोजनाएं दी हैं।



नारनौल। रक्तदाता को बैज लगाते पूर्व मंत्री डा. अभय सिंह यादव।



महेंद्रगढ़। रक्तदान करने वाले युवाओं की हौंसला अफजाई करते विधायक।

### सराय बहादुर नगर में रक्तदान शिविर



मंडी अटेली। केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन पर सराय बहादुर नगर में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव व विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव रहे, जबकि अध्यक्षता युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सरपंच ने की। इस मौके पर यतेंद्र राव ने बताया कि मनोहर लाल ने आदर्शवादी एवं सिद्धांतवादी सियासत में एक मिसाल कायम की है। मौके पर भाजपा अटेली मंडल के अध्यक्ष मुकेश कुमार गनियार, सुनील प्रजापत, डा. राहुल, रणजीत सिंह, अमर सिंह थानेदार, रंगराव, चरण सिंह, सरपंच प्रतिनिधि खोड़ मूलसिंह चौहान के अनेक भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

### पुण्य कार्यों में युवा को आगे आना चाहिए: विधायक

**महेंद्रगढ़।** यादव धर्मशाला में विधायक कंवर सिंह यादव ने केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के 71वें जन्मदिवस पर रेडक्रॉस सोसायटी व दाताराम ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर ने अपने मुख्यमंत्री काल में हरियाणा प्रदेश के युवाओं को बिना खर्ची बिना पर्ची नौकरियां, आनलाइन सभी सुविधाएं, जिले में मेडिकल कॉलेज, लॉजिस्टिक हब, नहरी पानी सहित अन्य बहुत से अभूतपूर्व विकास जल व्यवस्था में व्यापक सुधार जैसे अमूल्य उपहार के साथ ही क्षेत्र के विकास को एक नई दिशा दी है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने हरियाणा प्रदेश को तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ाया है। क्षेत्रवाद और भाई-भतीजावाद से ऊपर उठकर उन्होंने समान रूप से हरियाणा का विकास करवाया। मिशन मेरिट के जरिए न केवल गरीब वर्ग के युवाओं का नौकरी लगने का सपना पूरा, बल्कि पोर्टल के जरिये उन लोगों के घर द्वार योजनाएं पहुंची, जोकि दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर थक चुके थे। आज उनके जन्मदिवस पर युवाओं ने रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर अपना सहयोग दिया। रक्तदान शिविर में 188 यूनिट एकत्रित की गई। इस मौके पर एसडीएम अनिल कुमार, हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी जनरल सेक्रेटरी महेश जोशी, यादव सभा के प्रधान अधिवक्ता अभयराम, प्रांत कार्यकारणी सदस्य सुधीर दीवान, पवन खैरवाल, योगेश शास्त्री, सुनील अग्रवाल, महिला नेत्री अर्चना ठाकुर, कर्मवीर राव, राहुल यादव, कृष्ण कुमार, डॉ. महेश, डॉ. नरेश, रणधीर, मंडल अध्यक्ष अशोक यादव, दीपिका कुमारी, संदीप बचीनी, रवि सरपंच, प्रवीण कुमार, सोमबीर, उत्तम कुमार, कैप्टन सुरेश कुमार व पार्षद सोनू सैनी आदि मौजूद रहे।



नारनौल। रक्तदान करती भाजपा महिला जिलाध्यक्ष भारती सैनी।

## 145 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश के पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के 71वें जन्मदिन पर सोमवार रक्तदान शिविर का आयोजन रेवाड़ी रोड स्थित पैराडाइज मैरजि पैलेस में किया गया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी की अगुवाई में हुए इस शिविर में 145 यूनिट रक्तदान एकत्रित की गई।

आयोजक भारती सैनी ने रक्तदान करते हुए कहा कि पंजाब हरियाणा के विभाजन के बाद निंदाना में पांच मई 1954 को मनोहरलाल का जन्म हुआ था। 27 साल की उम्र में उनको संघ में प्रचारक के रूप में खूब ख्याति मिली। उन्होंने लगातार 14 साल तक संघ के लिए काम किया। साल 1994 में वे भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। फिर उनको हरियाणा बीजेपी का महासचिव बनाया गया। सालों तक संघ और भाजपा के लिए काम करने के बाद पहली बार साल 2014 में मनोहर लाल ने विधानसभा का चुनाव लड़ा और भाजपा सरकार बनने के बाद उन्हें हरियाणा का सीएम बनाया गया। साल 2019 में विस चुनाव में फिर से मनोहर लाल के नेतृत्व में बीजेपी ने जीत हासिल की और दोबारा सीएम बने। इस समय वे केंद्र सरकार में ऊर्जा, आवास और शहरी मामलों के मंत्री के रूप में कार्य कर रहे है। भारती सैनी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन का काम किया। बिना खर्ची पर्ची जैसी प्रथाएं चलाकर उन्होंने भ्रष्टाचार मुक्त हरियाणा दिया है।

#### यह रहे मौजूद

इस शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, वरिष्ठ नेता एवं लोकतंत्र सेनानी गोविंद भारद्वाज, सैनी सभा प्रधान बिशन सैनी व उपप्रधान रोहताश सैनी, नगर परिषद के उपप्रधान संजय यादव, प्रमुख समाजसेवी अशोक चौधरी, रामजीलाल सैनी, दौलतराम सैनी, पूर्व प्रधान किशन चौधरी, सब्जी मंडी प्रधान अजीत सैनी, पार्षद मोहनलाल शर्मा, पार्षद मुकेश शर्मा, पार्षद मनोज सैनी, पार्षद सिकंदर सैनी, पार्षद सुलतान, पार्षद नितिन चौधरी, पार्षद मोहित मित्तल, पार्षद अतरसिंह, पार्षद विशाल सैनी, पार्षद अमर सिंह, पार्षद सुशीला सैनी, पूर्व पार्षद शशीबाला, पूर्व पार्षद कोमल दायमा, पूर्व पार्षद दयानंद सोनी, संदीप संघी, राजकुमार रातां वाले, विनोद चौधरी, विजय जिंदल, पवन यादव, डा. संजय शर्मा, डा. जितेंद्र भारद्वाज, कुसुम शर्मा, रितु शर्मा, ममता शर्मा, अंजु जांगिड़, पूर्व सरपंच माया, कमलेश सैनी, प्रेमलता सैनी, निशा सैनी, आशा सचदेवा, बालकिशन सचदेवा, हरिश किंगर, रमेश यादव, रवि गुप्ता, सुरेंद्र चौधरी, रामजीलाल सैनी, सैनी सभा महासचिव निहाल सैनी व कार्याकारिणी सदस्य मदन लाल सैनी, सरपंच राकेश भूषण, रविंद्र यादव, भवेश मित्तल, युवा साथी ग्रुप हरियाणा से टिंकू प्रधान, नीडी हेल्प ग्रुप नेकी की दीवार के संस्थानक मनीष गोगिया, टाइगर क्लब से राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सीएम के जन्मदिन पर संतोष ने रोटरी रसोई पर की भोजन सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

केंद्रीय कैबिनेट मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन के अवसर पर सोमवार को पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव ने रोटरी रसोई पर जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित कर सेवा की। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब की ओर से लंबे समय से जन की सेवा में यह नेक कार्य कर रहा है। अपने किसी भी विशेष दिवस पर यहां लोगों की सेवा करने से आत्मिक सुकून की प्राप्ति होती है। सभी जागरूक लोगों को अपनी ओर से यथायोग्य सहयोग कर इस नेक कार्य में अपना योगदान देना चाहिए और लोगों की सेवा के साक्ष्य बनें।

क्लब प्रधान विनोद चौधरी ने बताया कि प्रतिदिन करीब 300 से 350 लोग रोटरी रसोई के माध्यम से मात्र 10 रुपये में अपना पेट भरते हैं। जिनके दिलों से निकली दुआएं आशीर्वाद स्वरूप सेवा करने वाले रोटेरियन एवं अन्य सहयोगी लोगों को मिलती हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव समय समय पर रोटरी रसोई में अपनी सेवाएं देती रहती हैं तथा पूर्व ने भी रोटरी क्लब को वाटर हट इत्यादि अनेक सेवाओं में अपना योगदान प्रदान किया है। इन्हीं की भांति जागरूक लोगों के सहयोग से रोटरी क्लब लगातार क्षेत्र में जनसेवा के कार्य कर रहा है। रोटेरियन पवन यादव व मुकेश देवी की वैवाहिक वर्षगांठ भी रसोई पर भोजन करवा के मनाई गई। इस मौके पर विनोद चौधरी, राजकुमार यादव एडवोकेट, विजय जिंदल, राजकुमार चौधरी, नवीन गुप्ता, विनय मित्तल, पवन यादव, मुकेश देवी, दिनेश सांखला, नरेश गोगिया, पवन गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## रक्तदान से होती दिव्य अनुभूति : ओमप्रकाश

- परिषद के सदस्य हरिकिशन गौड़ ने 37वीं बार रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत विकास परिषद शाखा व किशनलाल शिक्षा, जनकल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान रेडक्रॉस भवन में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शाखा सचिव मुकेश जैन ने बताया कि शिविर का आयोजन परिषद के सदस्य पवन यादव व मुकेश देवी के विवाह की वर्षगांठ पर किया गया। शिविर में 30 यूनिट रक्त इक्ट्ठा किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव थे। अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान, प्रमुख समाजसेवी अशोक जैन व अभिलाष जैन थे।

मुख्य अतिथि ओमप्रकाश यादव ने कहा कि रक्तदान एक दिव्य अनुभूति है, रक्तदान दान की सर्वश्रेष्ठ गति मानी जाती है। जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान ने कहा कि रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। शाखा अध्यक्ष कवीन्द्र सचदेवा ने कहा कि खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। अशोक जैन ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर से जरूरतमंद की मदद हो सकेगी। परिषद के सदस्य हरिकिशन गौड़ ने 37वीं बार रक्तदान किया, पूर्व शाखा सचिव दिनेश शर्मा ने 29वीं बार रक्तदान किया। इस मौके पर डा. संजय शर्मा, सचिव मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष नवीन गुप्ता, पूर्व जिला समन्वयक डा. जितेन्द्र भारद्वाज, कार्यक्रम संयोजक पवन यादव, मुकेश यादव, सुनील गौड़, दिनेश शर्मा प्राचार्य, नीरज अग्रवाल, वैध वीडी वाशिष्ठ, डा. संजय शर्मा, धीरज भयाना, संजय गर्ग, सुभाष सिंगला, महिला संयोजिका लक्ष्मी सचदेवा, सुषमा अरोड़ा, नीरज गर्ग, सरोज कश्यप, रजनी भयान, राजीव जैन, कमल गौड़, सामदेव जांगिड़, रामनिवास शर्मा, राजेश यादव, संजय, बजरंग जांगिड़, विपिन शर्मा, सुरेंद्र कोच, प्रवीण संघी, टेकचन्द यादव, पवित्रा यादव, सुभाष कश्यप, अनिल यादव प्राचार्य, कमल सचदेवा, धर्मपाल चौधरी मौजूद थे।




नारनौल। रक्तदाता को बैज लगाते विद्यायक ओमप्रकाश यादव। फोटो: हरिभूमि

## मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 0.2 के लिए आवंटन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से वित्तीय सहायता जारी की। इस दौरान जिले की तरफ से उपायुक्त डा. विवेक भारती मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने दयालु स्कीम, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा आगजनी से फसल नुकसान की मुआवजा राशि डीबीटी के जरिए सीधे लाभार्थियों के खाते में जारी की। सीएम ने अप्रैल माह में ऑटो मोड पर बनी जिले के 783 लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन उनके खाते में डाली।

इसके अलावा सीएम ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 0.2 के लिए आवंटन प्रक्रिया की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के संबंध में जानकारी के लिए 01723520001 पर कॉल किया जा सकता है तथा गांव की सूची देखने के लिए हाउसिंग फॉर ऑल विभाग की वेबसाइट पर लॉगिन किया जा सकता है।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में पिछले एक माह में प्रोएक्टिव मोड के बनी सामाजिक सुरक्षा की पेंशन लाभार्थियों के खाते में डाल दी गई है। डीसी ने बताया कि सरकार के निर्देश अनुसार इन योजनाओं में पात्र नागरिकों तक लाभ सुनिश्चित किया जा रहा है।



नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मौजूद डीसी डा. विवेक भारती।

## मनोहर के जन्मदिन पर करवाया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट ने रोटरी रसोई पर प्रसाद सेवा के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाया।

मुख्य रूप से विधायक ओमप्रकाश यादव व भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि मनोहर लाल के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित यह प्रसाद सेवा वास्तव में एक अच्छा कार्य है, क्योंकि जिस प्रकार से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अपने राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में सदैव जनता की सेवा की है। उनके जन्मदिन के अवसर पर यह पुनीत कार्य एक अच्छा संदेश देता है कि हमें अपनों का जन्म दिवस जनता के बीच में रहकर जनता की सेवा कर बनाना चाहिए। मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, सुदर्शन बंसल, महावीर शर्मा, जोगिंद्र सिंह राजपूत, जगदीश पासी, सदाराम यादव, हेमंत चौबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष संघी, राकेश यादव, संदीप वर्मा आदि मौजूद थे।




नारनौल। रोटरी रसोई पर भोजन वितरित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सीएम ने 22 मार्च को किया था उद्घाटन

# हमीदपुर बांध से बदोपुर तक बनी कच्ची ड्रेन से होगा भूमिगत जल सुधार

- उपायुक्त डा. विवेक भारती ने किया हमीदपुर बांध का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त डा. विवेक भारती ने सोमवार को भूजल सुधार योजना के तहत बने हमीदपुर बांध का दौरा किया और इसके बाद महरमपुर एक्वाडक्ट (जल संचरण प्रणाली) का भी निरीक्षण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह परियोजना जिले के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे भूजल स्तर में सुधार होगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने 22 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जल शक्ति अभियान के तहत जल संचयन और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अटल भूजल योजना के तहत दोहान नदी तल में हमीदपुर बांध से गांव बदोपुर तक लगभग 118.84 लाख रुपये की लागत से तैयार कच्ची ड्रेन निर्माण कार्य का उद्घाटन किया था।

इस योजना का उद्देश्य बरसात के मौसम में प्राप्त होने वाले अतिरिक्त वर्षा जल का उपयोग क्षेत्र में भूजल स्तर को रिचार्ज करने और जून से सितंबर के महीने के दौरान दोहान नदी तल में नहरी पानी छोड़कर भूमि जल स्तर में सुधार करना है। आने वाले बारिश के सीजन में काफी मात्रा में यहां पानी रिचार्ज होगा।



नारनौल। हमीदपुर बांध का निरीक्षण करते डीसी डा. विवेक भारती।

#### इन गांवों को होगा लाभ

इससे गांव बदोपुर, भांखरी, जादूपुर, हमीदपुर, खटोटी कलां, खटोटी खुर्द, डोहर कलां, महरमपुर व गांव गहली लाभान्वित होंगे। इस योजना से प्रति वर्ष 6000 क्युसिक जल की बचत होगी। उन्होंने कहा कि इसी सीजन में उम्मीद है की अच्छी बारिश होगी तथा यहां पर काफी मात्रा में पानी संचयित होगा।

उपायुक्त ने बताया कि जल संरक्षण इस जिला के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि पानी जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें जल संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन करना होगा, ताकि भविष्य में जल संकट की समस्या न हो। उपायुक्त ने कहा कि जल संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमें जल संसाधनों का संरक्षण करना होगा। इस मौके पर सिंचाई विभाग के एक्सईएन नितिन भार्गव के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।




### सूरज स्कूल के छात्र ने इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में हासिल किया दूसरा स्थान

**नारनौल।** सूरज स्कूल नारनौल के कक्षा आठ के छात्र अक्ष पुत्र मनेंद्र सिंह ने हरियाणा स्टेट ओपन रोलर स्केटिंग इंटर स्कूल चैंपियनशिप (अंडर-14) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता बसंत वैली सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुरुग्राम में आयोजित की गई। इस प्रतिस्पर्धा में अक्ष ने अपनी तीव्र गति और उत्कृष्ट संतुलन का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक संदीप प्रसाद ने कहा कि सूरज स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करता है और इस प्रकार की उपलब्धियां छात्रों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती हैं।

प्राचार्या ऋतु चहल ने अक्ष को बधाई देते हुए कहा कि उसका समर्पण सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और हम उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस उपलब्धि पर अक्ष के परिवार के सदस्यों व शिक्षकों ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप



नारनौल। सीटीएम को ज्ञापन सौंपते किसान एवं मजदूर नेता।

### किसान संगठन ने मांगा पीने का पानी

**नारनौल।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन व मजदूर यूनियन ने मुख्यमंत्री के नाम सीटीएम को ज्ञापन सौंपकर जिले की नहरों में पानी छोड़ने की मांग की। उन्होंने बताया कि नहरों में पानी आए एक महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है। गांव के जोहड़ तालाब आदि सब सूख चुके हैं। कपास आदि फसलों के लिए सिंचाई के लिए भी पानी की जरूरत है। पीने के पानी की सप्लाई भी ज्यादातर गांव व शहरों में नहरों द्वारा ही की जाती है, जिससे पानी की भरी दिक्कत हो गई है। इसलिए आपसे अनुरोध है कि जल्द नहरों में पानी की सप्लाई की व्यवस्था करवाई जाए, ताकि इस गर्मी के मौसम में जनता बिना पानी के होने वाली परेशानियों से बच सके। फसलों के लिए भी सिंचाई की व्यवस्था हो सके।



कनीना। पंचों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक करते मोहित कुमार।

### पंचायतें सहभागिता से कार्य करें: अनिल कुमार

**कनीना।** विकास एवं पंचायत विभाग के दिशानिर्देशानुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में पंचों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी नवदीप सिंह ने की। इसमें अगिहार, आनावास, अकबरपुर नांगल, बाघोत, बचिणी, बवानिया, बेवल के पंचों ने हिस्सा लिया। इसमें हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 के मुख्य प्रावधान, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन आदि के बारे में जानकारी दी गई। मोहित कुमार ने जल जीवन मिशन, संचालन व रखरखाव की नई नीति, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के कर्तव्य तथा अधिकार, जल संरक्षण और व्यवहार परिवर्तन के बारे में जानकारी दी।



नितिश



अरूण

### विश्वविद्यालय मेरिट में यदुवंशी का नितिश प्रथम

**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज में कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष के नियमित छात्रों ने आईजीयू मीरपुर रेवाड़ी में विवि स्तर पर मेरिट लिस्ट में नितिश पुत्र राजेंद्र कुमार ने प्रथम तथा अरूण पुत्र दयानंद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्था निदेशक सुरेश यादव नें अभिभावकों को प्रेरित किया कि विश्वास इंसानियत और मानवता के विकास का प्रथम स्तर होता है।

## सोमवार रात को भी है पानी आने की उम्मीद

# नहर में पानी आने से राहत नहरी पानी पर निर्भर महेंद्रगढ़

- शहर में चार दिन से बनाा है पेयजल संकट, अल्टरनेट सिस्टम के दौरान भी शहर में हो रहीं थी गंदे पानी सप्लाई
- 30 अप्रैल को नहर में पानी आना शुरू, आ रहा था गंदा पानी, जनस्वास्थ्य विभाग ने लेने से कर दिया था मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

पेयजल संकट से जूझ रहे शहर को रविवार को नहर में साफ पानी आने के बाद कुछ राहत मिली है। अब सोमवार की रात को भी नहर में पानी आने की उम्मीद लगाई जा रही है। बता दें कि महेंद्रगढ़ शहर पूरी तरह से नहरी पानी पर निर्भर है। देवास जलघर से पानी को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बने सात बूस्टिंग स्टेशन में भेजा जाता है। यहां से अलग-अलग कॉलोनियों में पानी आपूर्ति होता है।

इस बार महेंद्रगढ़ जिला में निर्धारित शेड्यूल से छह दिन में नहरी पानी मिला है। ऐसे में शहर के लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 16 दिन नहर में पानी आता है तथा 24 दिन बंद रहता है। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार जवाहर लाल कैनाल में 30 अप्रैल को पानी आया था। यह पानी पीने योग्य नहीं था।

शहर में गंदे पानी की सप्लाई हो रहीं थी। ऐसे में लोगों पेयजल के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रहीं थी। लोगों को अपनी जेब से पैसे खर्च पानी पीने का मजबूर थे। रविवार को नहर में साफ पानी आने के बाद लोगों को कुछ राहत मिली है। इस बार पानी का रंग भी काला है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों का कहना था कि 24 दिनों से नहर बंद थी। जिससे नहर में पत्ते गिरने और पेड़ों की टहनियां गिरने के कारण पानी की गुणवत्ता भी प्रभावित हुई है।



महेंद्रगढ़। गांव देवास स्थित जनस्वास्थ्य विभाग का टैंक। फोटो : हरिभूमि

### 3 दिन से घरों में हो रही थी गंदे पानी की सप्लाई

*तीन दिन से शहर में गंदे पानी की सप्लाई हो रहा था। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नहर और सिंचाई विभाग के सामने पानी की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। जनस्वास्थ्य विभाग ने देवास में बने जलघर में नहरी पानी की सप्लाई रोक दी थी। जनस्वास्थ्य विभाग का कहना है कि 20 वर्षों के दौरान पहली बार जेएलएन नहर में पानी की गुणवत्ता इतनी खराब हो गई कि इसे जलघरों तक नहीं पहुंचाया जा सका।*

### तीन टैंक हो चुके खाली

गांव देवास जल परियोजना पर 24 करोड़ लीटर क्षमता के चार टैंक हैं। इनमें से तीन सूख चुके हैं। एक में कुछ पानी है। वर्तमान में जलघर के टैंक नंबर एक, तीन और चार लगभग खाली हो चुके हैं। जिसे अब मोटर पानी उठाने बंद कर चुकी है। टैंक नंबर 2 में लगभग कुछ फीट पानी है। जिससे विभाग को आगामी कुछ दिन तक शहर में पेयजल सप्लाई करनी है। वहीं दो नंबर टैंक की मोटर भी अन्य टैंक को के मुकाबले पानी उठाने में कमजोर है। ऐसे में नहरी पानी के शेड्यूल देरी होने के चलते शहर को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा जिले की करीब 65 नहरें, 37 बड़े जलघरों व नहरों से जुड़े 427 जोहड़ों में से अधिकांश में पानी सूख चुका है।

### पानी का करें सदुपयोग

जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ जीयालाल का कहना है कि प्रदेश में पेयजल किल्लत चल रहीं है। रविवार को नहर में साफ पानी आया था। अब सोमवार की रात को भी नहर में पानी आने की उम्मीद है। जनस्वास्थ्य विभाग के टैंक लगभग खाली हो चुके है। पेयजल किल्लत को देखते हुए आमजन पानी का सदुपयोग करें।

*दूसरी से पांचवीं के विद्यार्थियों में वाद विवाद स्पर्धा*

## यदुवंशी विद्यालय में विविध शैक्षणिक गतिविधियां सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के बुचौली रोड स्थित यदुवंशी शिक्षा निकेतन में विविध शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया। जिनका संचालन विंग हैड नवीन स्वामी के मार्गदर्शन में हुआ। कक्षा दो से पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था पैैरस का समाज में महत्व। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने प्रेस की भूमिका, स्वतंत्रता और सामाजिक प्रभाव पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। वहीं दूसरी ओर कक्षा छठीं से आठवीं तक के छात्रों के लिए विज्ञान प्रश्नोत्तरी गतिविधि आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी समझ, तर्कशक्ति और तत्परता का शानदार प्रदर्शन किया। प्रश्नों में विज्ञान के मूल सिद्धांत, विज्ञान का महत्व, दैनिक जीवन में उपयोगिता, वैज्ञानिक तथ्यों तथा महान वैज्ञानिकों के आविष्कारों संबंधित विषयों को सम्मिलित किया गया। इस गतिविधि से छात्रों में वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिला। प्राचार्य पवन कुमार द्वारा कार्यक्रमों की सराहना की गई तथा प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## आईटीआई में आयोजित जॉब मेले में 509 छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय आईटीआई में जॉब मेला का आयोजन किया। जॉब मेले में कुल 509 छात्रों का चयन किया। मेले में 59 आईटीआई पासशुदा छात्रों तथा 450 अंतिम वर्ष के छात्रों का चयन लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के माध्यम से किया। जिला भाजपा अध्यक्ष यतेंद्र राव भी मौजूद थे। आईटीआई प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के दिशा निर्देशानुसार समय समय पर जॉब मेलों का आयोजन किया जाता रहता है। मेले में ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज बहरोड़, जिलैट इंडिया लिमिटिड भिवाड़ी, इंडिया निपोन इलेक्ट्रिक मसाणी, सिग्मा ग्लास गुरुग्राम तथा वीवीडीएन टेक्नोलॉजी मानेसर कंपनी के प्रतिनिधियों ने छात्रों का अप्रेंटिस के तौर पर चयन किया। इस मौके पर संस्थान के शिक्षुता एवं प्लेसमेंट अधिकारी सुदर्शन कुमार, अधीक्षक सत्यनारायण सिंह, सुनील यादव, विरेन्द्र सेकवाल, राजेश, जगदीश, अमित, गुरदयाल, मनीषा इत्यादि मौजूद रहे।



नारनौल। छात्रों का साक्षात्कार लेते कंपनी प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

*प्रश्नों का सही उतर देने वाले किसान सम्मानित*

## किसानों को दी उत्पादन बढ़ाने सुरक्षित भंडारण की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव बैरावास में कृषि विज्ञान केंद्र व हिंदूस्तान गम एंड कैमिकल्स के सौजन्य से एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों को विभिन्न खरीफ फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. जयलाल यादव ने किसानों को मूंग, बाजरा व नरमा का उत्पादन बढाने के सुझाव दिए। अनाज के सुरक्षित भंडारण के उपायों की जानकारी दी। किसानों से आग्रह किया कि वे समय-समय पर कृषि वैज्ञानिकों से संपर्क कर खेती बाड़ी की नवीनतम जानकारी लेते रहें। डॉ. पूनम यादव ने ग्वार की फलियों के पौष्टिक गुणों के बारे में जानकारी दी। सब्जी के रूप में इसके सेवन से शरीर को प्रोटीन की दैनिक आवश्यकता की पूर्ति होती है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कीट विज्ञान विभाग से सेवानिवृत डॉ. आरके सैनी ने ग्वार फसल का उत्पादन बढ़ाने के लिए जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने ग्वार के उखेड़ा रोग की रोकथाम के लिए बीज को बाविस्टिन नामक दवा से उचारित कर बोने की सलाह दी।



महेंद्रगढ़। शिविर में किसानों को फसल संबंधी जानकारी देते कृषि विशेषज्ञ। फोटो :

हकेंवि में ब्रिज डिजाइन पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

## पीएससी बॉक्स गर्डर के परिणामों की व्याख्या और डिजाइन के साथ संपन्न

### पुल की अवधारणाएं माडलिंग, विश्लेषण व डिजाइन रहा विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव जाट पाली के केंद्रीय विवि के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा मिडाज सिविल सॉफ्टवेयर पर केंद्रित दो दिवसीय कार्यशाला एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में मिडाज सिविल में पुल की अवधारणाएं माडलिंग, विश्लेषण एवं डिजाइन विषय पर केंद्रित कार्यशाला में मिडाज रिसर्च एंड डवलपमेंट सेंटर प्राइवेट लिमिटेड के स्ट्रक्चरल इंजीनियर अक्षय मागर विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला के पहले दिन इंजीनियर अक्षय मागर ने जीयूआई, टास्क पेन, वर्क्स ट्री, एमसीटी कमांड शेल, यूनिट सिस्टम्स, विजाड्र्स और नोड, एलिमेंट निर्माण जैसे विषयों पर केंद्रित टू डी ब्रिज मॉडलिंग पर विस्तार से चर्चा की। जिसमें टू डी फ्रेम मॉडलिंग और विश्लेषण पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। इसी क्रम में कार्यशाला के दूसरे दिन विशेषज्ञ ने पीएससी बॉक्स गर्डर ब्रिज की थ्री डी मॉडलिंग से प्रतिभागियों को अवगत कराया, जिसमें सेक्शन प्रॉपर्टी की गणना, मटेरियल प्रॉपर्टीज, समय-निर्भर प्रभाव, और कंस्ट्रक्शन स्टेज एनालिसिस को शामिल किया गया। कार्यशाला का समापन पीएससी बॉक्स गर्डर के परिणामों की व्याख्या और डिजाइन के साथ हुआ। विवि डीन प्रो. विकास गर्ग, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. विकास कुमार और इंजी. दीपक राणा ने समंवय किया। डॉ. रणबीर सिंह, डॉ. अभिषेक जिंदल, इंजीनियर सनी तंवर मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। कार्यशाला में प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थी, विशेषज्ञ एवं शिक्षक।



## समाधान शिविर में डीसी ने 58 शिकायतें सुनी, किया समाधान

**नारनौल।** हरियाणा सरकार की ओर से समाधान शिविर की पहल के बाद आम जनता को अब बार बार दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। जिला महेंद्रगढ़ में चल रहे समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का तुरंत निपटारा किया जा रहा है। सोमवार को लघु सचिवालय में लगे समाधान शिविर में उपायुक्त डा. विवेक भारती ने 58 नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस अवसर पर डीसी ने बताया कि हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लघु सचिवालय के कक्ष नंबर 118 में जिला स्तर पर आयोजित इस शिविर में अलग अलग विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं। इसी प्रकार उपमंडल स्तर पर भी सभी एसडीएम लोगों की शिकायतें सुनते हैं। लोग अपनी शिकायतें सीधे अधिकारियों को बताते हैं और उन्हें मौके पर ही समाधान मिलने लगता है। शिविर में अब तक बिजली, पानी, पेंशन, भूमि रिकॉर्ड, सामाजिक सुरक्षा और अन्य विभागों से जुड़ी अनेक समस्याओं का समाधान किया जा चुका है।

*मेई स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन*

## राजकीय पाठशाला में बच्चों को फ्री स्टेशनरी एवं बैग किए वितरित

- समाज को तरक्की की राह पर ले जाती है शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

राजकीय प्राथमिक पाठशाला मेई में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को फ्री स्टेशनरी एवं बैग जीके सुपर स्पेशलिटी अस्पताल आजमनगर सिहार के डॉ. गौरव खोश्या द्वारा वितरित की गई। स्टेशनरी पाकर बच्चे खुश दिखाई दिए। इस मौके पर डॉ. गौरव खोश्या ने कहा कि शिक्षा की क्षेत्र में पहल करते हुए बच्चों को फ्री स्टेशनरी व बैग वितरित किए है, क्योंकि शिक्षा का क्षेत्र में उजाला फैलाने के लिए यह पहल सराहनीय है। शिक्षा ही समाज को तरक्की की राह पर ले जाती है। प्रत्येक बच्चे को पढ़ने का समान अधिकार मिलना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से सामाजिक बदलाव होता है। यह कदम बच्चों की शिक्षा में सहायक सिद्ध होगा और उन्हें प्रोत्साहन प्रदान करेगा। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार से सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया है। स्कूल इंचार्ज अनिल यादव ने डा. गौरव खोश्या धन्यवाद किया। इस मौके पर संदीप खोश्या, ओमप्रकाश सहित अन्य स्टाफ उपस्थित था।



मंडी अटेली। बच्चों को फ्री स्टेशनरी एवं बैग का वितरित करते डॉ. गौरव खोश्या व अन्य।



### हकेंवि में राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

**महेंद्रगढ़।** गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा स्टूडेंट्स फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट आफ ह्यूमैनिटी के सहयोग से बिब्लियोमेट्रिक एवं सिस्टमैटिक रिव्यू पेपर्स लेखन और प्रकाशन पर केंद्रित एक सप्ताह की राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हो गया। इस कार्यशाला में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 70 से अधिक शोधार्थियों, शिक्षकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने शोध के महत्त्व और उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्रों की आवश्यकता पर जोर दिया। समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा कार्यशाला की सफलता को विश्वविद्यालय की शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रतीक बताया। डीन प्रो. दिनेश कुमार गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में डॉ. श्रीराम पांडे ने संयोजक एवं डॉ. अमित कुमार ने संगठन सचिव के रूप में सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को बिब्लियोमेट्रिक विश्लेषण, सिस्टमैटिक रिव्यू लेखन, और शोध पत्रों के प्रकाशन की बारीकियों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में प्रो. (डॉ.) श्रीराम, डॉ. नीरज कुमार सिंह और डॉ. श्रीराम पांडे ने विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे।

## कांग्रेसी नेता संजय राव का 55वां जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सिंघाना रोड स्थित आदर्श कमानी वर्कशॉप पर नारनौल विधानसभा से चुनाव लड़ चुके वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संजय राव का 55वां जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजन संजय रांगेरा ने बताया कि संजय राव कर्नल राव रामसिंह के पुत्र हैं। कर्नल साहब हरियाणा सरकार में स्पीकर व परिवहन मंत्री रहे और दोनों पिता-पुत्र ने इस इलाके की खूब सेवा की। लोगों को रोजगार प्रदान किया और जनकल्याण के कार्य किए। संजय राव के दीर्घायु होने एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस खुशी में लड्डू बांटे गए। आचार्य अंकित शास्त्री ने मंत्रोच्चारण कर जीवन के मंगलमयी एवं यशस्वी होने की कामना की। इस अवसर पर मास्टर केहर सिंह, जगराम कालिया, अनिल, राजेंद्र, सिंहराज, राजू, दीपू मिस्त्री, राजेश नंबरदार गहली व सुभाष मांदी आदि उपस्थित रहे।



नारनौल। सिंघाना रोड पर कांग्रेसी नेता संजय राव का जन्मदिन मनाते हुए।

**हादसा** फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची, शॉर्ट सर्किट से हादसे का अंदेशा

*हादसे के समय गोदाम में रखा हुआ था करीब 90 लाख का सामान*

## टेंट हाउस गोदाम में आग से लाखों का सामान जला, तीन घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर में टेंट हाउस में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसके कारण टेंट हाउस के गोदाम में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि आग लगने की जानकारी गोदाम के अंदर सो रही लेबर को समय रहते लग गई। जिसके कारण लेबर ने भाग कर जान बचाई।

टेंट हाउस के मालिक के अनुसार उसका करीब 90 लाख रुपये से अधिक का सामान जल गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गांव नूनी अव्वल में राज श्री नाम से कृष्ण कुमार ने टेंट का काम किया हुआ है। उसने अपना टेंट हाउस व गोदाम सती माता मंदिर से आगे खेतों में बनाया हुआ है। यहीं उसका मकान है। टेंट हाउस के मालिक कृष्ण यादव ने बताया कि उसके टेंट में 90 लाख रुपये से अधिक का सामान रखा हुआ था। जिसमें करीब 40 लाख रुपये का कपड़ा, 20 लाख रुपये की लाइटें, कुर्सी, डनलप कुर्सी, सोफे, मेज, पंखे, बड़े कूलर तथा अन्य सामान शामिल है। यह सामान गोदाम में रखा था, जहां पर लेबर सो रही थी। रात को करीब सवा दो बजे वहां पर सो रही लेबर को जलने की बदबू आई और दम घुटने लगा। जिसके बाद वहां से लेबर भाग गई। उन्होंने इसकी सूचना उसको दी। जिसके बाद उसने दमकल को सूचना दी।



नारनौल। आग लगने से जला टेंट हाउस। फोटो : हरिभूमि

### सूचना के बाद पौने घंटे में पहुंची पहली गाड़ी

सूचना मिलने के बाद पहले एक गाड़ी करीब पौने तीन बजे आई। जिसमें पानी खत्म हो जाने बाद तुरंत दूसरी गाड़ी बुला ली गई। वहीं आग ज्यादा भड़कने पर फायर के अधिकारियों ने अटेली व महेंद्रगढ़ से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुला ली। चारों गाड़ियों ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह करीब छह बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया, मगर तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया था।